सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 08.05.2025

मोबाइल फोन चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोबाइल फोन (चोरी के) किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सैफई के कुशल नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 07.05.2025 को वादी रामकरन शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी नई पानी की टंकी मैनपुरी रोड थाना करहल मैनपुरी ने थाना सैफई पर सूचना दी कि दिनांक 06.05.2025 को जब वह अपने परिचित को देखने पीजीआई सैफई गया था तो रात्रि के समय वादी का 01 मोबाइल फोन तथा 01 अन्य व्यक्ति अतुल कुमार पुत्र सुरेश चन्द निवासी नंगला अनुप मैनपुरी रोड थाना करहल मैनपुरी का 01 मोबाइल फोन चोरी हो गया तथा काफी तलाश करने के बाद भी फोन नही मिले।

तहरीर के आधार पर **थाना सैफई पर मु0अ0सं0 88/2025 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/छिनैती की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 07.05.2025 की रात्रि को थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 88/2025 से सम्बन्धित अभियुक्त अनुज कुमार तहसील से किसान बाजार घण्टा घर सैफई जाने वाले रास्ते के कोने पर मोबाइल बेचने की फिराक मे खडा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा **01 व्यक्ति को किसान बाजार घण्टा घर से सैफई जाने वाले रास्ते पर समय 21.15 बजे गिरफ्तार** किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकडे गये अभियुक्त से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त अनुज जाटव उर्फ भोला पुत्र चरन सिंह के कब्जे से 02 मोबाइल फोन (ओप्पो कम्पनी व आईटेल कम्पनी) बरामद किये गये। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मोबाइल पीजीआई अस्पताल सैफई से चुराये है। तथा वह पीजीआई अस्पताल सैफई में रात के समय मौका देखकर सो रहे लोगों के मोबाइल फोन चोरी कर लेता है तथा कम दामो मे बेच कर धनलाभ अर्जित करता है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अनुज जाटव उर्फ भोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम मक्खनपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 22 वर्ष**।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 88/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

2. मु0अ0सं0 207/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
3. मु0अ0सं0 308/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना करहल जनपद मैनपुरी
4. मु0अ0सं0 323/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
5. मु0अ0सं0 370/23 धारा 4/5 आर्म्स एक्ट थाना करहल जनपद मैनपुरी
6. मु0अ0सं0 570/23 धारा 22/8 एनडीपीएस एक्ट थाना करहल जनपद मैनपुरी
7. मु0अ0सं0 88/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा

बरामदगीः-

1. 01 मोबाइल फोन आईटेल कम्पनी
2. 01 मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी

पुलिस टीम- निरी0 श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई उ0नि0 ललित कुमार, का0 परविन्द कुमार व का0 रोहित मय टीम।